आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 29.06.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- 'मन की बात' कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–_स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।
- मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए चारधाम यात्रा आज स्थगित रहेगी।
- प्रदेश के पर्वतीय जिलों में मूसलाधार बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित। उत्तरकाशी में लापता 9 श्रमिकों की तलाश के लिए राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है।
- मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के लिए देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत व उधमसिंह नगर जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से आज 'मन की बात' कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की उस रिपोर्ट का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्राकोमा से मुक्त घोषित किया गया है।

आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाने का था। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान कई लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। छात्रों को परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोटा गया। उन्होंने कहा कि यह भारत की जनता का सामर्थ्य है कि वह झुकी नहीं, टूटी नहीं और लोकतंत्र के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंततः जनता जर्नादन की जीत हुई, आपातकाल हटा लिया गया और आपातकाल थोपने वाले चुनाव हार गए।

मन की बात पीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 123वें संस्करण को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता, देश–विदेश में बने कीर्तिमानों तथा आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या जैसे काले अध्याय पर अपने विचार साझा किये।

श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस तथा प्रकृति संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये हस्तनिर्मित उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री द्वारा लांच किया गया उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों का ब्राण्ड ''हाउस ऑफ हिमालयाज'' अब वैश्विक पहचान प्राप्त कर रहा है, जिससे राज्य की महिलाओं को आजीविका के नये अवसर मिल रहे हैं।

चारधाम यात्रा स्थगित

प्रदेश में हो रही लगातार भारी वर्षा और भूस्खलन की आशंकाओं को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए चारधाम यात्रा को एक दिन के लिए स्थगित किया गया है। ये जानकारी देते हुए गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा के मद्देनज़र यह एहतियाती कदम उठाया गया है, ताकि मार्गों पर फंसे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा सके। संबंधित जिलों के प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है और राहत व बचाव दलों को सक्रिय किया गया है।

श्री पांडेय ने बताया कि आगे की यात्रा को लेकर निर्णय कल मौसम की स्थिति और मार्गों की समीक्षा के पश्चात लिया जाएगा। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें और मौसम सामान्य होने तक यात्रा स्थलों की ओर प्रस्थान न करें।

इस बीच, टिहरी गढ़वाल के ढालवाला, तपोवन, देवप्रयाग, कीर्तिनगर, नरेंद्रनगर, चम्बा, कंडिसौड सहित लंबगांव, चमियाला, घनसाली में यात्रियों को सूचित करते हुए यात्रियों को रुकवाने की कार्यवाही की जा रही है।

मौसम

प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश से पर्वतीय क्षेत्र में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। नदी– नाले उफान पर है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर जिले बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

उधर, उत्तरकाशी में देर रात से हो रही बारिश के चलते यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पालिगाड़, कुथनोर, झाझरगाड़ के पास तथा गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नेताला बिशनपुर, लालढांग, नलूणा में बाधित हुआ है। भारी भूस्खलन के चलते सिलाई बैंड के पास करीब 10 मीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा बह गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गयी है। भूस्खलन की चपेट में आए श्रमिकों में से 20 को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है, जबकि 9 अन्य की तलाश जारी है। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन युद्धस्तर पर राहत व बचाव कार्य में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी के सिलाई बैंड क्षेत्र में हुए भूस्खलन में श्रमिकों के लापता होने पर दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में वे निरंतर संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## मौसम अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के लिए देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और उधमसिंह नगर में कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि 29 और 30 जून को राज्य के कुछ जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

गढ़वाल के श्रीनगर में अलकनंदा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। अत्यधिक वर्षा के कारण जीवीके डैम श्रीनगर से आगे की ओर लगभग 2500–3000 क्यूमेक्स पानी छोड़े जाने को लेकर जिलाधिकारी पौड़ी ने कीर्तिनगर, देवप्रयाग, तपोवन, मुनिकीरेती क्षेत्र में नदी किनारे के क्षेत्रों में लगातार अलर्ट जारी करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं बागेश्वर जिले की कपकोट तहसील में भारी बारिश के चलते 20 आंतरिक मोटर मार्ग बंद है। लगातार हो रही बारिश के चलते सरयू और गोमती नदी उफान पर हैं। नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क किया गया है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पौड़ी जिले में पंचायत चुनाव के 1 हजार 191 मतदान केंद्रों पर तैनात 1 हजार 316 कार्मिकों का पहला रैंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरी की गई। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सभी तैयारियां समय से पूरी की जा रही हैं, ताकि चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हो सकें।

## मानसखंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी

प्रदेश के पहले मानसखंड खेल विश्वविद्यालय में शुरुआती सत्र में 6 पाठ्यक्रम शुरू किए जाने प्रस्तावित हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में विभागीय अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान खेल मंत्री ने देश के चयनित खेल विश्वविद्यालयों के कोर्स और सिलेबस का अध्ययन कर सर्वश्रेष्ठ कैरियर ओरिएंटेड कोर्स चुनने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आगामी 29 अगस्त को खेल दिवस पर विश्वविद्यालय के शिलान्यास की सभी तैयारियां कर लें।

बैठक में खेल मंत्री ने राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न नौकरी देने के लिए पदों के सृजन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से खिलाड़ियों के भोजन भत्ते को 250 रुपये से बढ़ाकर साई के समान करने के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार करने को कहा।